THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRl P. NAMGYAL): (a) Proposals/requests are received from various Quarters from time to time, for incease in domestic production of various petro-chemical items and also creation of additional new capacities for production of raw materials to meet the growing demand for petrol chemicals,,

(b) to (d) A 3,00,000 TPA of Gas Cracker is under implementation by Indian Petro-chemical Corporation Limited at Nasothane in the State of Maharashtn. In addition a letter of intent has been granted to set up a Cracker at Hazira, in the State of Gujarat. Some more Crackers are envisaged during the VHIth Plan period.

मथुरा तेल शोधक कारखाने के टैंक से रिसाव

1494. **श्रीमती सत्या बहिन:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मथुरा तेल शोधक कारखाने के अति ज्वलनशील टैंक नं. 281 से रिसाव की सूचना उनके मंत्रालय को दिसम्बर, 1987 से दी जाती रही है;

(ख) क्या इस टैंक से रिसाव की शिकायत को दूर किया जा चुका है और यदि हां, तो कब; और

(ग) इस शिकायत को दूर करने में विलम्ब के क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) से (ग) मथुरा रिफाइनरी में कोई भी टैंक नं. 281 नहीं है। तथापि, ईंधन तेल के लिए प्रयुक्त होने वाले टैंक नं. 705 में मई, 1987 में रिसाव आ गया था जिसकी मरम्मत की गई थी और अक्तूबर, 1987 में इसे दुबारा चालू किया गया था। पुन: जनवरी 1989 में इस टैंक की छतों के जोड़ों में दरारें दिखाई पड़ीं और उसके बाद उस टैंक की सफाई/मरम्मत और रख रखाव के लिए उसका उपयोग बंद कर दिया गया है।

तेल शोधक कारखानों की स्थापना के लिए सर्वेक्षण

1495. **श्रीमती सत्या बहिन:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के किन किन क्षेत्रों में तेल शोधक कारखानों के लिए सर्वेक्षण किया गया और उनके निष्कर्ष क्या हैं; और

(ख) क्या मध्य प्रदेश के निमाड और खंडवा क्षेत्रों में भी ऐसा कोई सर्वेक्षण किया गया है, यदि हां, तो इस सम्बन्ध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) और (ख) मध्य प्रदेश में बीना, हर्दा-खिरकिया, रामपुरी-खरखेड़ा (खण्डवा के पास) बगसपुर (गोरेगांव) तथा उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के पास तेल रिफाइनरियां स्थापित करने की दृष्टि से स्थानों के संबंध में आरम्भिक सर्वेक्षण किए गए थे। इस संबंध में सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं किया गया है क्योंकि आठवीं योजना के गठन के लिए बनाया गया कार्यदल देश में अतिरिक्त शोधन क्षमता के सृजन के बारे में भी उपयुक्त सिफारिशें करेगा। इस कार्य दल की सिफारिशों के आधार पर उपयुक्त स्थान के बारे में निर्णय लेने के लिए आगे विस्तृत सर्वेक्षण करने की आवश्यकता होगी।

उत्तर प्रदेश में एल० पी० जी० की सप्लाई

1496. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एल०पी०जी० कनेक्शनों के लिए कितने आवेदन इस समय उत्तर प्रदेश में जिलावार और वर्षवार प्रतीक्षा सूची में हैं;

(ख) इस समय उत्तर प्रदेश के कितने शहरों को एल०पी०जी० की सप्लाई दी जाती है; और

(ग) उत्तर प्रदेश के कितने और शहरों को निकट भविष्य में एल०पी० जी० सप्लाई योजना के अधीन लाया जाएगा ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) सूचना (पहली जुलाई, 1989 की स्थिति) संलग्न विवरण) में दी गई है (नीचे देखिये) । प्रतीक्षा सूची में वे व्यक्ति शामिल हैं जिन्होंने 1982–83 से 1 जुलाई, 1989 तक एल०पी०जी० कनेक्शनों के लिए रजिस्टर करवाया था ।

(ख) 1 जलाई, 1989 को उत्तर प्रदेश के 210 स्थानों पर एल०पी०जी० सुविधा थी ।

(ग) वर्तमान स्थानों पर सुविधा के अतिरिक्त तेल कम्पनियों द्वारा निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश के 61 और स्थानों पर एल०पी० जी० सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव है।

विवरण

क्रम सं०	जिले का नाम	1–7–89 को प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या
1.	उत्तर काशी	—
2.	गोपेश्वर	—
3.	टेहरी	—
4.	देहरादून	13724
5.	पौड़ी	—
6.	पिथौरागढ़	175
7.	अलमोड़ा	269
8.	नैनीताल	2229
9.	सहारनपुर	6703
10.	मुज्जफरनगर	23536
11.	बिजनौर	10165
12.	मेरठ	43147
13.	गाजियाबाद	37982
14.	बुलन्दशहर	11518
15.	मुरादाबाद	15380
16.	रामपुर	893
17.	बदायूं	5240
18.	बरेली	13437
19.	पीलीभीत	2018
20.	शाहजहांपुर	5162
21.	अलीगढ़	30151
22.	मथुरा	8890
23.	आगरा	77627
24.	एटा	3226
25.	मैनपुरी	8333
26.	फरुखाबाद	6779
27.	इटावा	6171
28.	कानपुर	71042
29.	फतेहपुर	1647
30.	इलाहाबाद	27729
31.	जालौन	5780
32.	झांसी	15826
33.	ललितपुर	3487
34.	हमीरपुर	3920
35.	बांदा	2192
36.	सीतापुर	7507
37.	लखीमपुर खीरी	10874
38.	हरदोई	783
39.	उन्नाव	3783
40.	लखनऊ	41423
41.	रायबरेली	7568
42.	बहराईच	2439
43.	गोंडा	4115
44.	बाराबंकी	2058

क्र०सं०	जिले का नाम	1-7-89 को प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों की संख्या
45.	फैजाबाद	2042
46.	सुल्तानपुर	—
47.	प्रतापगढ़	2400
48.	बस्ती	2330
49.	गोरखपुर	16401
50.	देवरिया	1778
51.	आजमगढ़	3560
52.	जौनपुर	5198
53.	बलिया	3704
54.	गाजीपुर	3515
55.	वाराणसी	28889
56.	मिर्जापुर	1860
57.	कानपुर देहात	—
58.	मऊ	3204
59.	हरिद्वार	4020
60.	सोनभद्र	2400
61.	चमोली	—
62.	दौसा	940
63.	फरीदपुर	1580
	जोड़ :	628048

उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को पेट्रोल पम्प की डीलरशिप का आवंटन

1497. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश के उन जिलों के नाम क्या-क्या हैं जहां पर 1 अप्रैल, 1985 से अब तक की अवधि के दौरान अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को पेट्रोल पम्प की एजेंसियों के आवंटन में इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा तरजीह दी गई है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : 1 अप्रैल 1985 से अब तक इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को 27 खुदरा बिक्री केन्द्र (पेट्रोल डीजल) अलाट किये गये हैं —

1. गाजियाबाद
2. उन्नाव (3)
3. फैजाबाद
4. शाहजहांपुर
5. गाजीपुर
6. फतेहपुर
7. बिजनौर (3)
8. बस्ती (3)
9. हरदोई
10. सुल्तानपुर
11. बलिया
12. कानपुर देहात
13. वाराणसी
14. गोंडा
15. मुरादाबाद (2)
16. लखनऊ
17. बहराइच
18. जौनपुर
19. मुजफ्फरनगर
20. रामपुर

जहां एक से अधिक खुदरा बिक्री केन्द्र दिये गये हैं वे आंकड़े ब्रैकट में दिखाये गये हैं।

Supply of *gaa* in Delhi through pipeline

1498. DR, YELAMANCHILI SIVAJI; Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state;

(a) whether there is any proposal under Government'g consideration to supply LPG to consumers in Delhi through pipe line: and